हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार 18 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 18.0 डिग्री से.

12 मां भगवती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता



12 निपुण रामलीला से निखरेगी बच्चों की भाषा-अभिव्यक्ति क्षमता



खबर संक्षेप

बस के इंतजार में खड़ी वृद्धा की जीप की टक्कर से मौत

जींद। बडौदा बस अड्डा के निकट बस का इंतजार कर रही वृद्धा को जीप ने टक्कर मार दी। उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। खेड़ी जालब निवासी राजेश ने शिकायत में बताया कि गांव बड़ौदा में उसकी पत्नी की बहन की शादी जसबीर के साथ हुई थी। जसबीर की मौत होने के बाद वह अपनी पत्नी व मां के साथ शुक्रवार को शोक प्रकट करने गए थे।

गांव किठाना में सेवा सेतु शिविर का हुआ आयोजन

राजौंद। गांव किठाना के राजकीय वमावि में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया । शिविर में गांव के सरपंच सुनील सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, पात्रों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। सरपंच सुनील ने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

अश्लील मैसेज भेजकर किशोरी से छेड़छाड़

कैथल। तितरम थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 साल की किशोरी को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजकर छेड़छाड़ की। आरोप है कि किशोरी और उसके परिवार ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पिता की शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने दो किशोरों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी बेटी गांव के पास स्थित स्कूल में पढ़ती है

ईश्वर सिंह के निधन पर कंडेला खाप ने जताया शोक

जींद। सर्वजातीय कंडेला खाप ने बिनैण खाप के पूर्व प्रधान स्व. नफे सिंह नैन के पुत्र ईश्वर सिंह नैन के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करती है। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला ने कहा कि ईश्वर सिंह नैन का आकस्मिक निधन बिनैण खाप के लिए अत्यंत दुखदायी घटना है। ईश्वर सिंह नैन मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी कमी हमें हमेशा खलती रहेगी। खाप परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करती है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।

छात्रावास के निर्माण कार्य का शुभारंभ आज

उचाना। पालवां में नवनिर्मित भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के निर्माण कार्य का शुभारंभ 18 अक्टूबर को किया जाएगा। अवसर पर भगवान वाल्मीकि जयंती भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों में उत्साह है। सत्यवान ढिलौड़ ने बताया कि भवन एवं छात्रावास के निर्माण कार्य का शुभारंभ बाबा फुल्लू साध गोशाला उचाना खुर्द के संचालक स्वामी वजीरानंद सरस्वती द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने वाले से आह्वान किया कि वे अपने पूर्वजों के नाम से एक ईंट खरीदकर अवश्य लाएं।

दो लाख 33 हजार एमटी धान का उठान

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले की अनाज मंडियों में धान की सरकारी खरीद और उठान लगातार जारी है। गत 16 तक जिले की मंडियों में 43 हजार 367 किसानों से 3 लाख 43 हजार एमटी धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि दो लाख 33 हजार एमटी से ज्यादा का उठान हुआ है। 68 प्रतिशत उठान के साथ जिला तीसरे नंबर पर है। जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने और उठान में तेजी लाने पर जोर दिया जा रहा है।

रावण की गर्दन घूमेगी, होंठ ऊपर-नीचे होंगे व खून जैसी लाल दिखेंगी आंखें

अर्जुन स्टेडियम में रावण का 45 व कुंभकरण- मेघनाद के 40 फीट के पुतलों का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दशहरा पर्व को लेकर रावण परिवार के पुतलों के दहन को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। अर्जुन स्टेडियम में श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला क्लब (किले वाली) द्वारा आयोजित किए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर इस बार 45 फुट का रावण व 40-40 फीट के कुंभकरण व मेघनाद के पुतले बनवाए गए हैं। रावण दहन से पहले दर्शकों को इस बार रावण के होंठ ऊपर व नीचे होते हुए दिखाई देंगे। वहीं तीनों पुतलों की आंखें खून की तरह लाल दिखेंगी। इसके अलावा रावण के पुतले के हाथ भी हिलेंगे। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शिरकत करेंगे। दशहरा पर्व को लेकर लोगों में रावण के पुतलों को देखने के लिए लोगों में उत्साह है। अर्जुन स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले दशहरा पर्व में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले देखने लायक होंगे। रावण का पुतला 45 फीट ऊंचा होगा और उसकी गर्दन घूमेगी, होंठ ऊपर व नीचे होंगे तथा आंखें हिलती हुई दिखाई देंगी। वहीं कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले 40-40 फीट ऊंचे तैयार किए जा रहे हैं। पुतलों को तैयार कर रहे अजय शर्मा ने बताया कि इस बार रावण का पुतला बनाने में काफी मेहनत की गई है। पुतला लेफ्ट व राइट में गर्दन घुमाएगा। इसके अलावा उसके हाथ भी चलते हुए दिखाई देंगे। मेघनाद व कुंभकरण की आंखें लाल दिखाई देंगी। 300 क्विंटल रावण व 200 क्विंटल कुंभकरण के पुतले में बम व पटाखे लगाए गए हैं और पिछले डेढ़ माह से पुतलों को तैयार करने में लगे हैं। इस कार्य में पूरा परिवार सहयोग कर रहा है। लगभग दो लाख रुपये की कीमत से पुतले बनाए जा रहे हैं। बाकायदा पुतले के अलग-अलग पार्ट बनाए गए हैं ताकि पुतलों को खड़ा करते हुए उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। हिसार में उनके पिता खरैतीलाल पुतले बना रहे हैं। जो पिछले 40 साल से यह कार्य कर रहे हैं।



जींद। पुतलों को तैयार करने में जुटे कारीगर। फोटो :हरिभूमि

दशहरा बहुत ही भव्य होगा



श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला क्लब (किले वाली) के प्रधान रवि गुंबर ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी दशहरा बहुत ही भव्य होगा। 45 फुट का रावण व 40-40 फीट के कुंभकरण व मेघनाद के पुतले बनाए गए हैं। इस बार रावण के होंठ ऊपर व नीचे होंगे। आंखें खून की तरह लाल दिखेंगी। इसके अलावा दशहरा ग्राउंड में ही पुतलों की कई तरह की खासियतें देखने को मिलेंगी।

नमी का हवाला देकर धान खरीद नहीं, नारेबाजी की

गुस्साए किसानों ने लगाया जींद-कैथल मार्ग पर जाम

थाना प्रभारी ने हैफैड डीएम से फोन पर बात कर किसानों को महिला निरीक्षक का तबादलना करवाने का दिया आश्वासन, इसके बाद किसानों ने आधे घंटे बाद जाम खोल दिया, जाम के कारण वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां खरीद केंद्र पर नमी का हवाला देकर धान नहीं खरीदे जाने से गुस्साए किसानों ने शनिवार को किसानों ने जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों ने हैफेड निरीक्षक के बदलने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही नगूरां चौकी प्रभारी विनोद कुमार, अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम व अलेवा अनाज मंडी सचिव विकास ढिल्लो मौके पर पहुंचे। अलेवा थाना प्रभारी ने हैफैड डीएम से फोन पर बात कर किसानों को महिला निरीक्षक का तबादलना करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने आधे घंटे बाद जाम खोल दिया। जाम के कारण वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। जिसके चलते वाहन चालकों तथा राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगाए किसानों का कहना था कि नगूरां खरीद केंद्र पर खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा खरीद अधिकारी महिला को लगाया हुआ है। अधिकारी द्वारा पीआर की सरकारी खरीद में मनमानी की जा रही है। कई किसान एक सप्ताह से साफ.-सुथरा धान लेकर मंडी में बैठे हैं लेकिन उनकी खरीद नहीं की जा रही। किसानों ने कहा कि खरीद अधिकारी धान में नमी की मात्रा अधिक होने की बात कह कर खरीद करने की बजाय इंतजार करने को कहती है। किसानों ने अधिकारी पर अपनी मनमानी करने के भी आरोप लगाए। जाम लगने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आत्माराम ने किसानों के सामने ही डीएम से बात की और आश्वासन दिया कि अधिकारी का तलादला हो जाएगा। जिस पर किसान जाम खोलने को राजी हो गए।

जताया विरोध.....



मंडी में पड़ा धान.....



गड्ढों में गिरी बस, यात्री सुरक्षित

मनोहरपुर के पास स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मनोहरपुर के पास शनिवार को स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में हरियाणा रोडवेज जींद डिपो की बस अनियंत्रित होकर गड्ढों में गिर गई। रोडवेज बस यहां खड़े पेड़ से टकराती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बस में सवार सभी 32 यात्री सुरक्षित नीचे उतर गए और उनको दूसरी बस से उनके गंतव्यों की तरफ रवाना कर दिया गया। हरियाणा रोडवेज जींद डिपो की बस शनिवार को सफीदों से सिरसा के लिए निकली थी। जब यह बस मनोहरपुर के आसपास पहुंची तो अचानक सामने से एक स्कूटी आ गई। इस स्कूटी पर एक बच्चा भी था। बस चालक गगन ने अचानक स्कूटी को सामने देखा तो उसने ब्रेक लगा दिए। ब्रेक लगने के बाद बस अनियंत्रित हो गई और वह सड़क के साथ बने गड्ढों की तरफ फिसल गई। हालांकि चालक ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए बस को पेड़ व बिजली खंभे से टकराने से बचा लिया। इसके बाद सभी यात्री बस से सकुशल नीचे उतार आए और दूसरी रोडवेज बस बुला कर यात्रियों को अपने गंतव्य की तरफ रवाना किया गया। बस चालक गगन ने बताया कि स्कूटी अचानक बस के सामने दूसरी सड़क से आ गई। इसलिए एकदम ब्रेक लगाने पड़े।



मनोहरपुर के पास गड्ढों में मौजूद बस।

सफीदों मार्ग जींद का सबसे खतरनाक रोड

जिले में सबसे खतरनाक सड़क इस समय जींद-सफीदों मार्ग है। इस सड़क की चौड़ाई महज सात मीटर है और सड़क की हालत बहुत ही दयनीय है। तंग सड़क व उसमें भी गड्ढे होने के कारण इस सड़क पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। वर्ष 2022 में जींद-सफीदों रोड की चौड़ाई सात मीटर से बढ़कर 10 मीटर करने की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सफीदों रैली में की थी लेकिन आज इस सड़क मार्ग की चौड़ाई नहीं बढ़ सकी। इस सड़क मार्ग पर लगे पौधे काटने को लेकर हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन है।

यदि ब्रेक नहीं लगाता तो बस स्कूटी को सीधी टक्कर मार देती। ब्रेक लगने से बस गड्ढों की तरफ फिसल गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को कोई चोट नही लगी है।



नरवाना में विकास का नया दौर प्रारंभ : कृष्ण बेदी

नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि नरवाना में विकास का नया दौर शुरू हो चुका है। सरकार द्वारा मंजूर सैकड़ो करोड रुपए की विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा होने पर इलाका तरक्की के डगर पर चमकता नजर आएगा। क्षेत्र में शहर, गांव व ढाणियों तक बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार जारी है और पूरा होने पर अगले एक वर्ष में नरवाना को नया स्वरूप व लूक मिलेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी नरवाना स्थित निवास स्थान पर जन समस्याएं सुन रहे थे। मंत्री ने क्षेत्र से पहुंचे दर्जनों व्यक्तियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकात की, उनकी एक-एक समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सभी समस्याओं के यथा उचित निवारण के निर्देश दिए।

बेटे की हत्या के आरोपित बाप का दो दिन बढ़ा रिमांड

जींद। गांव तलौडा में पिता द्वारा अपने इकलौते बेटे हत्या के मामले में हत्यारे पिता का दो दिन का रिमांड और बढ़ा दिया है। अदालत ने आरोपित से पिस्तौल बरामद नही होने के कारण दो दिन के और पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। पुलिस अभी तक हत्या में प्रयोग किए गए पिस्तौल को बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस द्वारा रिमांड की मांग का मदनलाल के वकील ने विरोध किया और कहा कि पुलिस ने उसी दिन मोटर लगा कर पानी निकालना चाहिए थाए लेकिन शनिवार को ही मोटर क्यों लगाई गई।



राजौंद । असंध रोड पर काली सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ पर पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

पूर्व राज्य मंत्री ढांडा ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

राजौंद। राजौंद शहरवासियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित राजौंद-असंध रोड की काली सड़क के निर्माण कार्य का शनिवार को शुभारंभ किया गया। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य तेजी से करवाया जाएगा और करीब 20 से 22 दिनों में सड़क को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। कमलेश ढांडा ने कहा कि राजौंद-असंध रोड शहर की महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल है और लंबे समय से इसके निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही थी। सड़क के निर्माण से राजौंद के लोगों के साथ-साथ असंध और आसपास के गांवों में आने-जाने वाले लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा, ताकि रात के समय इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा का आभार जताया।

डेकोरेशन सामान के गोदाम में लगी आग, 20 लाख रुपये का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

विश्वकर्मा कॉलोनी में पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में डेकोरेशन के सामान के गोदाम में शुक्रवार रात आग लग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की छह गाडिय़ां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लगभग 20 लाख रुपये का सामान जल कर राख हो गया। विश्वकर्मा कॉलोनी में गली नंबर आठ में शॉर्ट सर्किट से गोदाम में आग लग गई। सारा इलाका रिहायशी है। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग लगातार फैलती चली गई। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की छह गाडिय़ां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। शनिवार को गोदाम के मालिक विनोद कुमार और मोनू कुमार ने बताया कि वे शुक्रवार रात को गोदाम को ठीक से बंद करके घर गए थे। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि गोदाम से आग की लपटें निकल रही हैं। पड़ोसियों ने ही फायर ब्रिगेड को भी इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की छह गाडिय़ां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गईं। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक गोदाम में रखा 20 लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान जलकर राख हो चुका था। आग ने विनोद कुमार के सामने रोजी- रोटी और कारोबार को दोबारा खड़ा करने का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। विनोद कुमार ने कहा कि गोदाम में रखा डेकोरेशन का सामान ही नहीं जला बल्कि उनके कारोबार से जुड़े सपने भी खाक हो गए।



गांव में विकास कार्य का शुभारंभ करते विधायक सतपाल जांबा।

पंद्रह करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

पूंडरी। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को विधायक सतपाल जांबा ने छह गांवों में करीब 15 करोड़ से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें जांबा, हाबड़ी, ट्योंठा, धेरड़ू, कौल और चंदलाना गांव शामिल हैं। इन कार्यों के तहत सड़कों का निर्माण, मरम्मत, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करने के साथ सीवर व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। जांबा ने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। विकास कार्य पूरे होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सीवर व्यवस्था में भी सुधार होगा। उन्होंने संबंधित विभागों और कार्य एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूरे करने के निर्देश दिए। विधायक जांबा ने कहा कि विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की गई है। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन करना संबंधित विभागों और कार्य एजेंसियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए।

बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों के होंगे चालानः मनप्रीत सिंह

- बाइक-कार सहित सभी वाहनों पर लागू होगा नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल में वाहन चालकों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य होगा। एक नवंबर से जिन वाहनों पर निर्धारित हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं मिलेगी, उनके चालान किए जाएंगे। वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला यातायात पुलिस द्वारा अक्टूबर माह में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार डीएसपी रमेश चंद्र तथा जिला यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम वाहन चालकों को एचएसआरपी के महत्व और इसे लगवाने के नियमों की जानकारी दे रही है। पुलिस का उद्देश्य है कि वाहन चालक समय रहते अपने वाहनों पर निर्धारित नंबर प्लेट लगवा लें और नवंबर माह से शुरू होने वाली चालान कार्रवाई से बच सकें। यह नियम बाइक, कार सहित सभी प्रकार के वाहनों पर लागू होगा। डीएसपी रमेश चंद्र ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहनों की पहचान को अधिक सुरक्षित और आसान बनाती है। इन प्लेटों पर अंकित नंबर सीसीटीवी कैमरों की मदद से आसानी से पहचाने जा सकते हैं।

दुल्हन बनी दोनों लड़कियां निकली नाबालिग, दूल्हा बन कर आया लड़का भी निकला नाबालिग

करसिंधू में तीन नाबालिग बच्चे वर व वधु बनने से बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की सर्तकता से जिले के करसिंधु गांव में तीन नाबालिग बच्चों को वर व वधु बनने से बचाया गया है। टीम ने बाल विवाह की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते नाबालिगों की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए चेताया। इसके अलावा बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी। जिस पर परिजनों ने लिखित में आश्वासन दिया कि अब वह बालिग होने पर ही अपने बच्चों का विवाह करेंगे। बाल विवाह निषेध अधिकारी को सूचना मिली थी कि जिले के गांव करसिंधु में दो नाबालिग लड़कियों की शादी करवाई जा रही है और बारात हिसार जिले के गांव मिर्जापुर से आने वाली है। इस पर कार्रवाई करते रवि लोहान, महिला थाना से आरती, रीतु, नीलम, सुरेश, दीपक, विनोद व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एवं एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा तथा मनीष के साथ मौके पर हो रहे विवाह स्थल पर पहुंचे। परिजनों से लड़कियों के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों ने पहले तो काफी टाल-मटोल करने की कोशिश की और लड़कियों उम्र पूरी होने की बात कही लेकिन जब उनको कड़ी कार्यवाही करने की बात कही तो लगभग तीन घंटे के बाद सबूत दिखाए गए, उसमें दुल्हन बनी दोनों लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई। इसके बाद दूल्हे बन कर आए दोनों लड़कों के जन्म से संबंधित कागजात की जांच की तो एक दूल्हा भी 21 वर्ष से कम मिला।



जींद। मौके पर कार्रवाई करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

बालिग होने तक का इंतजार करें

इस पर उसके परिजनों द्वारा बताया कि दोनों लड़कियों के माता-पिता अनपढ़ हैं और किसी कानून की कोई जानकारी नही है। इसलिए वह शादी का खर्चा बचाने को ऐसा कर रहे थे। इस पर परिजनों को समझाया कि तीनों बच्चे नाबालिग हैं। इसलिए आप उनके बालिग होने तक का इंतजार करें ताकि कोई कानूनी अड़चन न आए और बालिग होने के बाद शादी करने पर आपको सरकार द्वारा दी जाने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

खबर संक्षेप

नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं

उचाना। उचाना ब्लॉक के एमडीएन स्कूल अलीपुरा में हरियाणा सरकार के नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोऑर्डिनेटर अमृत पंडित के नेतृत्व में पंचकूला से आए रामअवतार व उनकी टीम ने लघु नाटिका और गीतों के माध्यम से छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में स्कूल प्रबंधन ने टीम का आभार जताया।

निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश

जींद। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीसी टीवी निगरानी व्यवस्था को लेकर वैधानिक परामर्श जारी किया है। इसमें सीसीटीवी कैमरों के संचालन, रिकॉर्ड की गई दृश्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा उस तक केवल अधिकृत व्यक्तियों की पहुंच सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने सभी संबंधित विभागों और संस्थानों को इन निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आज

नरवाना। भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर , दिन रविवार को प्रातः 10:00 बजे श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल, हिसार रोड, नरवाना में किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर शाखा द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शाखा अध्यक्ष प्रदीप कुमार गर्ग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में नरवाना क्षेत्र के 8 विद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। भारत विकास परिषद का मूल उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संस्कार, सेवा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को समाज में प्रोत्साहित करना है।

यशवीर मलिक का मिस्टर कुमार के लिए चयन

जींद। राज्य स्तर पर होने वाले कुमार व केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए शनिवार को अर्जुन स्टेडियम में पहलवानों का चयन किया गया। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि केसरी के लिए निडाना गांव निवासी यशवीर मलिक व पड़ाना निवासी अजय का चयन किया गया। वहीं केसरी प्रतियोगिता के लिए जींद निवासी प्रदीप व गांगोली निवासी अक्षय देशवाल का चयन किया गया। लड़कियों की केसरी प्रतियोगिता के लिए निडानी निवासी पहलवान प्रिया व कुमारी के लिए सिंधवीखेड़ा निवासी पहलवान खुशी का चयन किया गया।

भ्रूण हत्या को लेकर जागरूक किया

जींद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत दरियावाला गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व एचपीवी वैक्सीनेशन बारे ग्रामीण लोगों को जागरूक करना था। एमपीएचडब्ल्यू राजवंती ने जागरूक करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। इस समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नही बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा।

दूसरे आढ़ती के पास लेकर गया किसान अपनी धान

कैथल। नई अनाज मंडी में से धान न बिकने के कारण अपनी धान को किसान द्वारा घर ले जाए जाने संबंधी समाचार तथ्य से परे है। किसान अपने धान को घर ले जाने की बजाए दूसरे आढ़ती के पास लेकर गया था। जबकि एक सोशल मीडिया एवं एक समाचार पत्र में इस संबंध में समाचार प्रकाशित व प्रचारित किया है। जो तथ्यों से परे है। इस किसान की धान में नमी अधिक होने के कारण यह नहीं बिक पा रहा है। किसान गांव बाता निवासी मोहन सिंह ने बताया कि उसने धान को एक आढ़ती की दुकान पर न बिकने के कारण दूसरे आढ़ती की दुकान पर डाला है।

सप्तमी के मौके पर जयंती देवी मंदिर में लगा भव्य मेला, जागरण में झूमे श्रद्धालु

मां भगवती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

जागरण में जींद से भाजपा विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शारदीय नवरात्र की सप्तमी के मौकेपर शनिवार को जयंती देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इससे पहले मंदिर प्रांगण में शुक्रवार रात को जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालु मां की भेंटों पर जमकर झूमे। जागरण में जींद से भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। उन्होंने मां की भेंटें भी गाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, विकास जैन, मीना शर्मा, रमेश ढिल्लो, पियूष मित्तल, हैप्पी गोयल, पंडित ओमप्रकाश भोंगरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्री जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ के मुख्य पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया व उन्हें मां की शक्ति चुनरी, माला एवं मां का स्वरूप भेंट किया जयंती देवी मंदिर में शनिवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। दिन निकलते-निकलते मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए तथा चारों तरफ मां भगवती के जयकारे गूंजने लगे। यह क्रम रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिर के सामने कई बार जाम की स्थित बन गई। दिनभर श्रदालुओं का आवागमन पूजा अर्चना के मदिर परिसर मे लगा रहा। दुर्गा सप्तमी को देखते शुक्रवार शाम ही मंदिर परिसर तथा बाहर छोटी-छोटी दुकानें सज गई थी। जिसमें बच्चों के खिलौने तथा प्रसाद था। मेले में महिलाओं तथा बच्चों ने जम कर खरीददारी की। श्रद्धालुओं को मां भगवती के दर्शन के लिए लाइन में लगना पड़ा। देवी के दर्शन के लिए दूरदराज से महिलाओं की टोलियां भजन गाते हुए दर्शन के लिए आए। मां भगवती के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तथा मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर परिसर में शुक्रवार रात को जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालु माता की भेंटों पर जमकर झूमे। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए और फिर सुबह उनमें प्रसाद वितरित किया गया।



जींद। मां की भेंट गाते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा व मां के भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि





जींद। नवार्ण महायज्ञ में आहुति देते हुए यजमान। फोटो :हरिभूमि

जींद: श्रद्धालुओं को दिया अहंकार त्यागने का संदेश

जींद। मां भगवती की कृपा प्राप्त करने के लिए मनुष्य का अंतःकरण निर्मल और अहंकार से मुक्त होना जरूरी है। मां के दरबार में व्यक्ति के ज्ञान, धन या सामाजिक प्रतिष्ठा से अधिक महत्व उसके पवित्र अंतर्मन का होता है। पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है, जिसमें मां की दिव्यता प्रतिबिंबित होती है। यह सद्विचार आचार्य पवन शर्मा ने शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की छठी रात्रि माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि मैं और ममेराए की भावना मनुष्य के अंतर्मन को अशांत करती है। इन भावनाओं से मुक्ति मिलने पर हृदय को उसी प्रकार शांति मिलती है, जैसे शरीर से कांटा निकल जाने पर राहत मिलती है। वास्तव में अहंकार ही झगड़ों की जड़ है। अहंकारी व्यक्ति हमेशा अपनी प्रशंसा में लगा रहता है और दूसरों की खूबियों को भी महत्व नहीं देता। ऐसे व्यक्ति का चित्त सदैव अशांत रहता है। उन्होंने कहा कि सच्ची शांति उसी व्यक्ति को प्राप्त होती है, जो अहंकार और मेरेपन की भावना से ऊपर उठकर विनम्रता अपनाता है।

धर्मवीर सिंह नरवाना ब्लॉक रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान बने

- बैठक की अध्यक्षता वयोवृद्ध सेवानिवृत्त अध्यापक रणजीत सिंह नैन ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी वेलफेयर एसो ब्लॉक नरवाना की चुनावी बैठक शनिवार को नेहरू पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता वयोवृद्ध सेवानिवृत्त अध्यापक रणजीत सिंह नैन ने की। जिला प्रधान किताब सिंह भनवाला और जिला उपप्रधान जयनारायण जिलेदार ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया, जबकि जिला महासचिव जगदीश चंद्र पांचाल ने मंच संचालन किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य किताब सिंह मोर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में ब्लॉक नरवाना की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इसमें धर्मवीर सिंह को प्रधान, कर्ण सिंह मलिक को संरक्षक, बाबूराम सिहाग को वरिष्ठ उपप्रधान और सेवानिवृत्त प्राचार्य अशोक शर्मा को उपप्रधान चुना गया। शिवकुमार शर्मा को महासचिव, जोगीराम को सहसचिव तथा दलवीर सिंह मोर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी में दिलबाग सिंह, ईश्वर सिंह, जगदीश, आलमजीत, अशोक, दिनेश गोयल, राकेश गर्ग और बलदेव सिंह को भी शामिल किया गया। कार्यकारिणी के शेष पदाधिकारियों और सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक किताब सिंह भनवाला और जयनारायण जिलेदार सहित एसोसिएशन के सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के गठन में भाग लिया।



वोट चोरी के नाम पर देश में अराजकता फैलाने का काम कर रही कांग्रेस : देवेंद्र

उचाना। कांग्रेस द्वारा भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए जाने पर उचाना के भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी के नाम पर देश में अराजकता फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। कांग्रेस के पास अब वोट बचे नहीं हैं, इसलिए वह वोट चोरी के आरोप लगा रही है। अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोट नहीं, बल्कि लोगों के दिल चोरी करते हैं। यही कारण है कि देश और प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा की नीतियों और कामों पर विश्वास जताते हुए पार्टी को समर्थन दिया है। कांग्रेस को जनता के जनादेश का सम्मान करना चाहिए और बेबुनियाद आरोप लगाकर लोगों को गुमराह करने से बचना चाहिए। विधायक ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री और गुरुग्राम के पूर्व विधायक सुखबीर कटारिया का जिक्र करते कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव के दौरान सामने आई जानकारी के अनुसार उनके खिलाफ 40 से अधिक आपराधिक शिकायतें थीं, जिनमें 30 एफआईआर दर्ज होने का दावा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को दूसरों पर सवाल उठाने से पहले अपने रिकॉर्ड पर भी नजर डालनी चाहिए।



उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ।



नगूरां गांव में महिलाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की शपथ दिलाती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

महिलाओं को भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई

जींद। स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है। इसी सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में नगूरां गांव में महिलाओं को भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढाओ भविष्य को सुरक्षित बनाओ नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। महिलाओं को संबोधित करते स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढाओ सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं बल्कि जन आदोंलन है। आज भी हमारे समाज के कई हिस्सों में बेटियों को बोझ समझा जाता है। जन्म से पहले ही उनकी हत्या कर दी जाती है या फिर जन्म के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य में भेदभाव किया जाता है। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में घटते बाल लिंगानुपात को रोकनाए कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना और समाज में लड़कियों के प्रति नकारात्मक सोच और लैंगिक भेदभाव को दूर करना है। शिक्षित बेटी न केवल एक परिवार का विकास करती है बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाती है।

विजेता स्कूलों को मिलेंगे 5 हजार तक के नकद पुरस्कार, छह नवंबर तक जिला स्तरीय आयोजन

निपुण रामलीला से निखरेगी बच्चों की भाषा-अभिव्यक्ति क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में भाषा कौशल, शुद्ध उच्चारण, धाराप्रवाह पठन और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन के तहत निपुण रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से बच्चे रामलीला के पात्रों के संवाद बोलते हुए पढना, समझना और अपनी बात प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना सीखेंगे। विभाग ने विद्यालय से लेकर क्लस्टर, खंड और जिला स्तर तक आयोजन की समय सारिणी तय कर दी है। एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने कहा कि निपुण रामलीला केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नही बल्कि बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक दक्षताओं को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। विद्यालय स्तर पर 29 सितम्बर से 19 अक्टूबर तक किसी भी कार्यदिवस में निपुण रामलीला आयोजित की जा सकती है। इसके बाद 21 से 27 अक्टूबर तक क्लस्टर और खंड स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर 28 अक्टूबर से छह नवंबर तक अतिरिक्त उपायुक्त के नेतृत्व में समुदाय आधारित निपुण रामलीला आयोजित होगी। इसमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और विद्यालयों के साथ अभिभावक व समुदाय भी बच्चों के शैक्षणिक विकास से जुड़ सकेंगे।राजेश वशिष्ठ ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों का चयन वीडियो के आधार पर किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित रामलीला की तीन सर्वश्रेष्ठ वीडियो क्लस्टर स्तर पर भेजनी होंगी। प्रत्येक वीडियो की अवधि पांच मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। क्लस्टर स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन कर खंड स्तर पर भेजा जाएगा। इसके बाद खंड स्तर से तीन श्रेष्ठ प्रस्तुतियों की वीडियो जिला स्तर पर भेजी जाएंगी। जिला स्तरीय चयन समिति इनका मूल्यांकन कर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन करेगी।



जींद। सरकारी स्कूलों में रामलीला मंचन के दौरान मौजूद प्रस्तुति देते बच्चे।

अभिनय से सीखेंगे पढ़ना और स्पष्ट बोलना

राजेश वशिष्ठ ने कहा कि रामलीला के संवाद याद करनेए कठिन शब्दों का अभ्यास करने और पात्रों के अनुरूप भाव भंगिमाओं के साथ बोलने से बच्चों की शब्द पहचान, वाक्य समझने और पढने की गति में सुधार लाने में मदद मिलेगी। समूह में अभ्यास करने से बच्चों में सहयोग, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। अभिनय के माध्यम से झिझक कम करने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा।

न्यूज डायरी

शिक्षा भारती स्कूल में मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

नरवाना। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में दुर्गा अष्टमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में नन्ही छात्राएँ माता रानी के विभिन्न स्वरूपों में सजकर विद्यालय पहुँचीं। उनके मनमोहक रूप ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर छोटी-छोटी बच्चियाँ माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में सजकर आईं। लाल चुनरी, सुंदर परिधानों, मुकुट एवं पारंपरिक आभूषणों से सजी बच्चियाँ अत्यंत आकर्षक लग रही थीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल चहल एवं उप प्राधानाचार्य शिल्पा सभी को दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएँ देते कहा कि ऐसे पर्व बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोडने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। शिल्पा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



समाज में नशा विरोधी जागरूकता फैलाने का दिया संदेश

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर की ओर से प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा एवं नशा विरोधी जागरूकता विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया । कार्यक्रम का समन्वय एनसीसी गल्र्स विंग की प्रभारी डा. ज्योति लडवाल तथा व्वायज विंग के प्रभारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी की 32 छात्रा कैडेट्स तथा 26 छात्र कैडेट्स सहित कुल 58 कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जींद से एसएचओ जगदीप के मार्गदर्शन में अमित एवं अंकुर ने कैडेट्स को संबोधित किया। साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल एवं संदेशों, सोशल मीडिया की सुरक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग में सावधानियों तथा व्यक्तिगत जानकारी और पासवर्ड की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशा विरोधी जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।



भारतीय कला केंद्र में प्रभु राम की लीलाओं का मंचन

नरवाना। नरवाना के हुड्डा ग्राउंड में भारतीय कला केंद्र द्वारा रामलीला का मंचन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है जिसमें शुक्रवार को शरूपन्खा के नाक कान काटने का दृश्य मंचन किया, जिसने कलाकारों का सुंदर अभिनय देखने को मिला। सबसे पहले मुख्य अतिथि कथा वाचक आचार्य राजेंद्र महाराज ने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया उनके साथ हैदराबाद से पहुंचे सुरेंद्र तारखा, नगर परिषद के पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला भी मौजूद रहे। मंच का संचालन विनोद मंगल ने किया और रात्रि के प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया सबसे पहले शरूपन्खा का जंगलों में टहते आना और राम और लक्ष्मण से वार्तालाप करना, फिर लक्ष्मन द्वारा उसके नाक कान काटने का सुंदर दृश्य मंचन किया गया। वहां से शुरूपन्खा का अपने भाई खर और दूषण के पास पहुंचना और अपनी व्यथा सुनाना खर और दुषण को भगवान राम ने मौत के घाट उतारा,उसके बाद शरूपन्खा रावण दरबार में पहुंची और अपनी वेदना से अपने भाई रावण को अवगत कराया इस प्रकार रात्रि की लीला बड़ी मनमोह लेने वाली थी।



आपात स्थिति में डायल 112 का करें उपयोग : राणा

नरवाना। एसडी पब्लिक स्कूल में जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा एवं डायल 112 सेवा के बारे में किया जागरूक। पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर ठगी से बचाव, महिला सुरक्षा तथा आपातकालीन स्थिति में डायल 112 सेवा के सही उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस उप अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा, रोटरी क्लब के प्रधान दीपक मित्तल, एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना की प्रिंसिपल अनीता मलिक, नरवाना के लोक गायक संदीप शर्मा साहिल तथा नशा मुक्ति टीम के प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार अपनी टीम सहित उपस्थित रहे।



हरियाणा का अगला भविष्य दुष्यंत चौटाला : दीपक

जींद। जींद में युवा जेजेपी जिला अध्यक्ष दीपक देशवाल गांगोली के कार्यालय पर शनिवार को युवा जेजेपी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, युवाओं को पार्टी से जोडने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर दीपक देशवाल ने कहा कि हरियाणा का अगला भविष्य दुष्यंत चौटाला हैं। युवा जेजेपी को मजबूत करने के लिए हर महीने नियमित रूप से बैठक आयोजित की जाएगी ताकि युवाओं की समस्याओं को समझकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि युवा जेजेपी का लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को साथ लेकर संगठन का विस्तार करना और पार्टी की विचारधारा को हर गांव व शहर तक पहुंचाना है।



स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म स्कूल में सांझी माता पूजन

उचाना। नवरात्र पर्व पर स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के तत्वावधान में सांझी माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 67 अभिभावक माताओं, छात्राओं व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन के बाद सांझी माता की पूजा-अर्चना और आरती की गई। छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. पूनम ने परिवार में भारतीय परंपराओं और संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में माताओं ने भी डांडिया नृत्य में भाग लिया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सोशल मीडिया पर निजता बनाए रखने के बताए तरीके

जींद। हिंदू कन्या कालेज में पुस्तकालय विभाग की ओर से छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सुरक्षित इंटरनेट सर्फिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित की । कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर ने किया। इसमें 72 छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता कंप्यूटर साइंस विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. सुनीता ने छात्राओं को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के व्यावहारिक तरीके बताए। डा. सुनीता ने कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, लेकिन इसका इस्तेमाल करते समय सतर्कता बरतना जरूरी है। छात्राओं को सुरक्षित वेबसाइटों की पहचान करने, सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी गोपनीय रखने और साइबर अपराधों से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। उन्होंने ऑनलाइन पढ़ाई और अन्य डिजिटल गतिविधियों के दौरान सावधानी बरतने पर भी जोर दिया।



खबर संक्षेप

स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं: सीमा

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद कैथल कार्यालय में स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद की उप चेयरपर्सन सीमा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

जिला जेल कैथल में लगाया रक्तदान शिविर

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला जेल कैथल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महानिदेशक कारागार, हरियाणा के निर्देशानुसार तथा सिविल सर्जन कैथल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी कैथल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में जेल परिसर में जेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अशोक कुमार ने सभी रक्तदाताओं एवं चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है।

गांव किठाना में सेवा सेतु शिविर का हुआ आयोजन

कैथल। गांव किठाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के सरपंच सुनील सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

गांव के सरपंच सुनील ने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को उनके नजदीक ही सरकारी सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

खिलाड़ियों का संघर्ष और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को आगे लाना : जिन्दल

सांसद नवीन और सावित्री जिन्दल ने एशियाई खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। सांसद नवीन जिंदल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सांसद नवीन जिन्दल और पूर्व मंत्री व हिसार की वर्तमान विधायक सावित्री जिन्दल ने एशियाई खेलों में देश का नाम रोशन करने वाले हरियाणा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई व और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इन सभी खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में 14 स्वर्ण पदकों सहित कुल 32 पदक जीतकर देश और हरियाणा का गौरव बढ़ाया है।सभी विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने उनके प्रशिक्षण, संघर्ष, खेल के प्रति समर्पण और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। खेलों के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि वर्ष 2002 के एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत का प्रतिनिधित्व करने के कारण, वह खिलाड़ियों के संघर्ष और उनकी चुनौतियों को अच्छी तरह समझते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन और निरंतर अभ्यास भी जरूरी है।

युवाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर मिलने जरूरी

सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं से 1 नवंबर से आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को सामने लाना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और सांसद खेल महोत्सव में उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। यह आयोजन युवाओं को अपनी क्षमता पहचानने, खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि उनका प्रयास है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर मिलें। खेलों के माध्यम से एक स्वस्थ, अनुशासित और नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र के युवा अपनी प्रतिभा और मेहनत से नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे तथा अपने परिवार, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।

भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक में किया मंथन



कैथल। वर्चुअल बैठक में भाग लेती भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी व अन्य

■ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में आज भाजपा जिला पदाधिकारियों एंव कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कैथल भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक के दौरान संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी समय में पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कैथल भाजपा जिला प्रभारी अमरपाल राणा भी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाने, पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कैथल जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति दी जाएगी तथा प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगामी कार्यक्रमों को पूरी तत्परता और योजनाबद्ध तरीके से संपन्न करवाया जाएगा।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, कैथल भाजपा जिला प्रभारी अमरपाल राणा, हरियाणा सरकार में चेयरमैन देवेंद्र पांचाल, पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक कैथल लीला राम गुर्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, राजपाल तंवर, मुनीष कठवाड़, पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी, कैथल भाजपा जिला महामंत्री मुनीश शर्मा व जंगीर सिसला, जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



राजौंद। दुर्गा मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं।

मां भगवती कालरात्रि के स्वरूप के चरणों की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की

राजौंद। पावन नवरात्रों के 7वें दिन मंदिरों में मां के श्रद्धालुओं ने मां भगवती कालरात्रि के स्वरूप के चरणों की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। वैसे तो श्रद्धालु प्रथम नवरात्र से ही मंदिरों में सुबह व शाम पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं, लेकिन ज्यों-ज्यों दुर्गा अष्टमी नजदीक आ रही है उसके साथ साथ मंदिरों में भगतों की चहल पहल भी बढ़ रही है। आचार्य राममगत हरित ने बताया कि नवरात्र के दौरान 9 देवियों की पूजा करनी चाहिए तथा घर में अखंड ज्योति जागृत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मां आदि शक्ति के यह 9 रूप सारे ब्रह्मांड को शक्ति देते है। इसलिए संपूर्ण नवरात्र में पूर्ण शुद्धी में रहकर पूजा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नवरात्र पर कन्या का पूजन करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। आचार्य ने बताया कि नवरात्र उपवास रखने वाले श्रद्धालु अष्टमी को कंजक पूजन के साथ अपना उपवास खोलते हैं, जबकि कई श्रद्धालु नवमी को उपवास खोलते हैं।

शारीरिक स्वच्छता स्वस्थ जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला : सोनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कालेज में छात्राओं को संबोधित करती सोनिया।

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शारीरिक स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सोनिया ने छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। नियमित स्नान, स्वच्छ वस्त्र पहनना, हाथों को अच्छी तरह धोना, नाखूनों की सफाई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखना अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक है। उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के लिए भी आवश्यक है।

न्यूज डायरी



बॉक्सिंग चैपियनशिप में हुए रोचक मुकाबले

कैथल। आरकेएसडी पब्लिक स्कूल कैथल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैपियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।प्रतियोगिता में अंडर- 14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों ने अगले चरण में प्रवेश किया। अंडर-17 में 40 -42 वर्ग में एनजी निधि बिष्ट, सौम्या सिंह, आरजू, 42-44 वर्ग में देवीना, प्रधिकाशी , खुशी अहावत, 44-46 वर्ग में सिया, नीति, सान्वी, निकिता पांडे, 46-48 वर्ग में शताक्षी सिंह ,वंशिका, सोनिका, वी रेखा, 48-50 वर्ग में खुशी कुमारी, के दिव्या भारती, आर्य बिदवई और चारु बिश्नोई ने प्रतियोगिता जीतकर अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया।

पूंडरी को बनाएंगे पॉलिथीन मुक्त

पूंडरी। पूंडरी शहर को स्वच्छ, सुंदर और पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के अंतिम दिन शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विधायक सतपाल जांबा और नगर पालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान दुकानदारों को पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका की ओर से दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

बाबा राजपुरी डेरे में दशहरे पर मेला 20 से

कैथल। बाबा लदाना स्थित बाबा राजपुरी डेरे में करीब 550 साल पुरानी आस्था की परंपरा के तहत इस बार दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में लगने वाला तीन दिवसीय मेला 20 अक्टूबर से शुरू होगा। इस मेले में केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत में शामिल राजस्थान, यूपी, पंजाब और दिल्ली से भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे। मेले को लेकर डेरा कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी है। डेरे का यह वार्षिक मेला इस बार नए महंत की देखरेख में आयोजित होगा।

नुक्कड़ नाटक से नशे के प्रति किया जागरूक

कैथल। युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रखने के उद्देश्य से, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग ने ग्योंग स्थित शिव मंदिर परिसर में एक विशेष 'नुक्कड़ नाटक' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और एक स्वस्थ व प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह कार्यक्रम विद्यालय में नोडल अधिकारी, अनूप धीमान के मार्गदर्शन और देखरेख में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, कलाकारों ने यह दिखाया कि कैसे नशे की लत एक खुशहाल परिवार और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को बर्बाद कर सकती है।

राजौंद में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

■ मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

गांव बीर बांगडा शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास जितेंद्र शास्त्री वृंदावन ने छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की युवावस्था, उनकी दिव्य लीलाओं तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा व्यास ने बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं और उनके भाई रुक्मी द्वारा उनका विवाह शिशुपाल से करवाने की तैयारी की जा रही थी। रुक्मिणी के संदेश पर भगवान श्रीकृष्ण ने पहुंचकर उन्हें हरण किया और विधि-विधान से विवाह किया। इस प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर हो उठे।

चीनी मिल में एनडीआरएफ की टीम ने किया सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

कैथल। कैथल सहकारी चीनी मिल में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने फैक्टरी परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली और संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि परिसर में सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियों का पालन करना बेहद जरूरी है। साथ ही, कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय अपनाना भी महत्वपूर्ण है। 7वीं एनडीआरएफ, भटिंडा की टीम ने इंस्पेक्टर यशवीर सिंह के नेतृत्व में मिल परिसर का निरीक्षण किया। टीम ने औद्योगिक इकाई में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, संभावित आपातकालीन स्थितियों से निपटने की प्रक्रिया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी सावधानियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।



कैथल। एनडीआरएफ की टीम चीनी मिल का दौरा करते हुए।

बच्चों और युवाओं को करवाए योगासन

राजौंद। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित मेरा युवा भारत (माई भारत) की ओर से जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा के दिशा-निर्देशन में गांव रोहेड़ा में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत राजीव गांधी स्टेडियम में योग शिविर का आयोजन किया गया।ब्लॉक स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर के नेतृत्व में आयोजित शिविर में खेल कोच वीरेंद्र शर्मा ने बच्चों और युवाओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम व व्यायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर योग और खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता भी मिलती है।

रामलीला भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों का प्रतीक

भगवान श्रीराम के जीवन से मिलती है सत्य की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रताप गुप्ता रामलीला का शुभारंभ करते हुए।

शहर के चंदाना गेट स्थित रामलीला ग्राउंड में श्री राम श्याम उत्सव रामलीला क्लब, कैथल द्वारा आयोजित भव्य रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रताप गुप्ता ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को स्मरण करते हुए रामलीला के आयोजन को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर क्लब के प्रधान विनोद सिंगला, महासचिव वेद प्रकाश गर्ग, समस्त कार्यकारिणी, पदाधिकारियों एवं कलाकारों ने राम प्रताप गुप्ता का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। क्लब की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

राम प्रताप गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श आचरण की अनुपम मिसाल है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है, जिससे नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक मंचन नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देने वाला सांस्कृतिक उत्सव है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा कैथल जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल, क्लब के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण डेमला, मार्गदर्शक जगरूप सैनी, उपप्रधान राकेश गर्ग, उपप्रधान संजय भाट्ट, उपप्रधान रमेश डेमला, सचिव लक्ष्य गोयल, एडवोकेट उपसंम सिंगला, सचिव संदीप गोयल, अशोक मंगला, सुभाष सैनी, राकेश डोलियां, एडवोकेट दिनेश, लखमीचंद, महावीर सहित क्लब के पदाधिकारी, सदस्य एवं समस्त कलाकार उपस्थित रहे।

रामलीला में सीता हरण का मंचन

■ रोजाना सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



रामायण का मंचन करते कलाकार।

सीवन में बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में शुक्रवार रात कलाकारों ने सीता हरण के प्रसंग का मंचन किया। मंचन के दौरान दर्शकों ने रामायण के इन प्रसंगों को देखा और कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से कथा से जुड़े। मंचन में शूर्पणखा की नाक कटने से शुरू हुई घटनाओं ने ऐसा मोड़ लिया कि रावण ने सीता हरण की साजिश रच डाली। पहले खर-दूषण ने श्रीराम को युद्ध के लिए ललकारा, लेकिन दोनों का अंत हो गया। इसके बाद शूर्पणखा ने लंका पहुंचकर रावण को अपनी व्यथा सुनाई और सीता का हरण करने के लिए उकसाया। रामलीला मंचन में दिखाया गया कि शूर्पणखा श्रीराम और लक्ष्मण के पास पहुंचती है और उन्हें अपने जाल में फंसाने का प्रयास करती है। जब उसकी मंशा पूरी नहीं होती तो वह लक्ष्मण के सामने विवाह का प्रस्ताव रखती है। इसके बाद घटनाक्रम बढ़ता है और लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं।

मारीच की मदद से रावण ने रचा षड्यंत्र

शूर्पणखा की बातें सुनकर रावण सीता का हरण करने की योजना बनाता है। वह मारीच की मदद लेता है और छलपूर्वक सीता को कुटिया से दूर ले जाने का षड्यंत्र रचता है। मारीच स्वर्ण मृग का रूप धारण करता है, जिसे देखकर सीता श्रीराम से उसे लाने का आग्रह करती हैं। श्रीराम स्वर्ण मृग के पीछे चले जाते हैं। इसके बाद लक्ष्मण भी सीता की बात मानकर कुटिया से निकल जाते हैं। इसी अवसर का लाभ उठाकर रावण साधु का वेश धारण कर पंचवटी पहुंचता है और सीता का हरण कर लेता है। रामलीला में श्रीराम की भूमिका जोगेंद्र शर्मा, रावण की राजू नोतरा, सीता की मुन्ना, शूर्पणखा की जयपाल राही, मेघनाथ की पंकज बहल, लक्ष्मण की मौजी, खर की साबू आर्य और मारीच की भूमिका चरणजीत ने निभाई।

खबर संक्षेप

आज लगेगा निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर

कैथल। सेवा संघ कैथल द्वारा अलकेमिस्ट अस्पताल पंचकूला के सहयोग से 18 अक्टूबर को निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक रहेगा। सेवा संघ कैथल के संस्थापक एवं प्रधान डॉ. शिव शंकर पाहवा ने बताया कि सेवा संघ कार्यालय, जवाहर पार्क, कैथल में आयोजित होने वाले इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष विनायक मरीजों को हृदय संबंधी बीमारियों के बारे में निःशुल्क परामर्श प्रदान करेंगे।

स्कूल में हुआ कीर्तन व कन्या पूजन कार्यक्रम

राजौंद। एस.डी.एम. इन्टरनेशनल स्कूल में कीर्तन एवं कन्या पूजन धार्मिक आस्था, श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कीर्तन एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया।कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की महिमा का गुणगान किया तथा सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात कन्या पूजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को माँ दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। कन्याओं को तिलक लगाकर, भोजन करवाकर तथा उपहार एवं प्रसाद भेंट कर उनका सम्मान किया गया।विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में संस्कार व संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।

सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों का हुआ चयन, पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

इंडस पब्लिक स्कूल में झंकार डांडिया बिट्स पर जमकर थिरके बच्चे, शिक्षक और अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जींद की ओर से झंकार डांडिया बिट्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडस ग्रुप के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरुणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीन कुमार तथा मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्जवलित करके किया। विद्यालय की प्राचार्या के मार्गदर्शन में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की डांडिया नृत्य में भागीदारी रही। कार्यक्रम में छठी से लेकर आठवीं तक के अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में रंग-बिरंगी पारंपरिक वेषभूषा, मधुर संगीत और डांडिया की थाप ने उत्सव के वातावरण को आकर्षक बना दिया। जहां विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से समा बांधा, वहीं शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी डांडिया नृत्य में भाग लेकर कार्यक्रम की रौनक को बढ़ा दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर और सुपरवाइजर ललिता ने निभाई। निर्णायकों के लिए विजेताओं का चयन करना आसान नहीं था। क्योंकि सभी अभिभावकों ने अपने नृत्य के माध्यम से सभी को उत्साहित कर दिया था। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ जोड़ी, संध्या की सर्वश्रेष्ठ परिधान वाली महिला और सर्वश्रेष्ठ ऊर्जावान जोड़ी को चुना गया। सर्वश्रेष्ठ नृत्यशील जोड़ी सुनील सोनी प्रथम, डॉ. प्रीति और मनीषा द्वितीय और सांत्वना पुरस्कार रजनी और सोनम ने प्राप्त किया।

संध्या की सर्वश्रेष्ठ परिधान वाली महिला सुमन देवी प्रथम और मुकेश और रिद्म द्वितीय स्थान पर रही। सर्वाधिक ऊर्जावान जोड़ी में विपिन और पूनम प्रथम और मुकेश द्वितीय स्थान पर चुना गया। इस अवसर पर ग्रुप के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय और अभिभावकों के बीच आपसी जुड़ाव, सहयोग और सौहार्द की भावना को प्रोत्साहन मिलता है।



जींद। मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

ऐसे कार्यक्रम संस्कृति से जुड़ने के अवसर

स्कूल प्राचार्या अरुणा शर्मा ने कहा कि डांडिया नाइट्स बिट्स केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, परम्पराओं और आपसी सौहार्द का उत्सव है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से सभी को अपनी संस्कृति से जुड़ने तथा एक साथ आनंद के पल बिताने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने और समाज में एकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्कूल उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आए हुए अभिभावकों का धन्यवाद प्रकट किया।

आईटीआई में चलाया क्लीन इंडिया प्रोग्राम

कैथल। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा (युवा मामले) के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अक्टूबर माह को क्लीन इंडिया प्रोग्राम के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संस्थानों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों में अपने कार्यस्थल व आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी विकसित करना है। जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विशेष स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत संस्थानों की टूल एवं मशीनरी, वर्कशॉप, पार्क, कक्षाओं, भवनों और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को अपने प्रशिक्षण कक्षों, कार्यस्थल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दौरान विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य प्रतिदिन कुछ समय स्वच्छता गतिविधियों के लिए समर्पित कर रहे हैं। राजकीय आईटीआई कैथल के उप प्रधानाचार्य पंकज नफरिया ने बताया कि विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निस्तारण, प्लास्टिक के कम उपयोग, स्वच्छ कार्यस्थल के लाभ और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विशेष रूप से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की वर्कशॉप और मशीनरी के आसपास सफाई बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों में स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आदत विकसित करना भी है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा मिलता है।

महाराजा अग्रसेन स्कूल में रामलीला का मंचन

जींद। महाराजा अग्रसेन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नवरात्र के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय में रामायण के प्रेरणादायक मंचन, नवरात्र उत्सव एवं रंगारंग डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छाया रहा और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन कर भगवान श्रीराम के आदर्शों, माता सीता की त्यागमयी गरिमा, लक्ष्मण की भ्रातृ भक्ति तथा हनुमान की अटूट निष्ठा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके सशक्त अभिनय, भावपूर्ण संवादों और आकर्षक वेशभूषा ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नही बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिक मूल्य, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीवन में मर्यादा और आदर्शों का पालन करना सिखाती है, जबकि नवरात्रि नारी शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य रीटा अरोड़ा ने कहा कि बच्चों में संस्कार बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम अति आवश्यक हैं। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान जागृत करने के लिए प्रोत्साहित किया। समग्र रूप से यह आयोजन भक्ति, संस्कृति, परंपरा और प्रतिभा का यादगार उत्सव बनकर उभरा, जिसने सभी के हृदय में भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव और श्रद्धा की भावना को और अधिक प्रगाढ़ किया।

सेवा संकल्प अभियान का रेलवे स्टेशन पर आकर्षक रंगोली के साथ हुआ समापन

जींद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित एक माह के सेवा संकल्प अभियान का शनिवार को जींद रेलवे स्टेशन पर आकर्षक रंगोली के माध्यम से समापन किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सत्यमेव जयते की मनमोहक रंगोली बना कर सेवा, समर्पण, राष्ट्रप्रेम और जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे। सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे माह विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों में सेवा भाव, सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित किया गया। इसी कड़ी में जींद रेलवे स्टेशन पर आयोजित रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का परिचय देते हुए देश के प्रति सम्मान और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उपायुक्त ने रंगोली और छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग का अवलोकन किया। इस दौरान छात्राओं ने विकसित भारत और मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए भाषण दिए। उपायुक्त ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके आत्मविश्वास, सहज अभिव्यक्ति और प्रभावशाली प्रस्तुति को प्रशंसनीय बताया।


जींद। रेलवे जंक्शन पर बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली।

49वें क्षेत्रीय युवा महोत्सव के लिए सांस्कृतिक दल रवाना


कैथल। युवा महोत्सव के लिए रवाना होती टीम।

कैथल। आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल के 80 विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों का दल 49वें युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए जोश खरोश के साथ रवाना हुआ। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रधान अश्विनी शोरवाला ने सभी प्राध्यापकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सांस्कृतिक विरासत को नयी ऊंचाईयां देने एवं पूर्ण उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने दल को रवाना करते हुए उन्हे महाविद्यालय के अम्बेसडर के रूप में छाप छोडने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने आशा जताई कि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों से प्रतिभागी युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे।

अग्रोहा धाम मेले को लेकर अग्रवाल समाज की बैठक

- 25 अक्टूबर को लगेगा राष्ट्रीय मेला, देशभर से जुटेंगे लाखों श्रद्धालु : राजकुमार गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में ऐतिहासिक और राष्ट्रीय मेला आयोजित होने जा रहा है जिसमें देश प्रदेश से लाखों की तादाद में श्रद्धालु भाग लेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष व अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने दी। गोयल अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर रामधन जैन, सावर गर्ग, पवन बंसल, सोनू जैन, मनीष गर्ग, रजत सिंगला, गोपाल जिंदल, सुनील गोयल, बजरंग सिंगला, राजेश गोयल, सुशील सिंगला इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गोयल ने बताया कि मेले में जगतगुरु ब्रह्मर्षि कुमार स्वामी, अग्रोहा धाम के संरक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पंजाब के कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र गोयल, उद्योगपति विधायक सावित्री जिंदल सहित अनेक मंत्री, समाजसेवी, संत महात्मा एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे।


जींद। पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते प्रधान राजकुमार गोयल। फोटो : हरिभूमि

वेदांता स्कूल में हुआ गणित प्रशिक्षण कार्यक्रम

नरवाना। जब गणित के सवाल बच्चों के लिए बोझ नहीं, बल्कि जिज्ञासा का विषय बन जाएं, जब कक्षा में पढ़ाई के साथ मुस्कान भी हो और जब शिक्षक का हर प्रयास विद्यार्थियों के लिए सीखने का नया अनुभव बन जाए, तभी शिक्षा वास्तव में आनंदमय बनती है। इसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कालौदा खुर्द में अशोका टीम के सहयोग से आनंदमय गणित, खुशहाल कक्षा विषय पर विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आधुनिक शिक्षा में केवल पाठ्यक्रम पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि जगाना, उनकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और कठिन अवधारणाओं को सरल बनाना भी आवश्यक है। इसी सोच के साथ आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अशोका टीम से पहुंचे प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ इशुदीप तथा विजय ने शिक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा किए और गणित को अधिक प्रभावशाली ढंग से पढ़ाने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या वीना डारा ने अशोका टीम से पधारे प्रशिक्षक इशुदीप एवं विजय का स्वागत किया। उन्होंने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की।


नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

जींद-असंध रूट पर दौड़ने लगीं रोडवेज की 12 और बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा रोडवेज के जींद डिपो ने जींद से असंध रूट पर 12 बसें शुरू की हैं। इस रूट पर रोडवेज बसों की कमी के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के समाधान के लिए यात्रियों ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद शिकायत पर संज्ञान लेते हुए और मुख्यालय के आदेश पर जींद डिपो की ओर से यह कदम उठाया गया है। नई बसें शुरू होने से जींद से असंध के बीच सफर करने वाले यात्रियों को राहत की उम्मीद है।

जींद से असंध के लिए शुरू की गई बसों का समय निर्धारित किया गया है। इस रूट पर सुबह साढ़े आठ, नौ बजे, 10 बजेए साढ़े 10 और 11 बजे बस चलेंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे, डेढ़ बजे, दो बजे, अढाई बजे, साढ़े तीन, चार और साढ़े चार बजे बस सेवा उपलब्ध रहेगी। जींद से असंध रूट पर प्रतिदिन काफी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। इनमें नौकरीपेशा लोग, विद्यार्थियों और अन्य जरूरी कामों से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या भी शामिल है। इस रूट पर रोडवेज बसों की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण यात्रियों को बसों के इंतजार में परेशानी झेलनी पड़ती थी। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परिवहन समिति की बसों पर निर्भर रहना पड़ता था।


जींद। जींद बस अड्डा पर खड़ी रोडवेज बसें।

एनआईआईएलएम विवि ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किया एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने सहयोगात्मक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और नवाचार को मजबूत करने के लिए पीयूआइआइटी रोपड़ रीजनल एक्सेलेरेटर फॉर होलिस्टिक इनोवेशन्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

पीयूआइआइटी एक नॉर्दर्न रीजन साइंस एंड टेक्नोलॉजी क्लस्टर है जिसे भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय की पहल के तहत समर्थन प्राप्त है, जिसमें पंजाब विवि और आइआइटी रोपड़ इसके मुख्य संस्थागत भागीदार हैं। इसका मिशन आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ जुड़ा है, जो स्वदेशी नवाचार और वास्तविक समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देता है।

यह एमओयू एप्लाइड रिसर्च, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट इंडस्ट्री एंगेजमेंट और स्किल डेवलपमेंट में सहयोग की रूपरेखा तैयार करता है। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि यह साझेदारी लैब रिसर्च को मार्केट-रेडी सॉल्यूशन में बदलने के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पीआरइ राही के साथ यह सहयोग रिसर्च के अलगाव को तोड़ता है।



कैथल। एमओयू के दौरान एनआइआइएलएम व कंपनी के पदाधिकारी।

शक्ति की आराधना का पर्व है नवरात्रि: आचार्य रविदत्त शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

धर्माचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि के 9 दिन मां जगदंबा के दिन माने जाते हैं। यह शक्ति की उपासना के दिन है इन दिनों में मां अपने भक्तों के घर में आती है और धन-धान्य, समृद्धि और रक्षा का वरदान देती है। पंडित रविदत्त शास्त्री ने बताया कि मां तो वस्तुतः एक है लेकिन उनकी शक्ति अपार है। नवरात्र अष्टम दिन में मां के महागौरी स्वरूप की पूजा होती है। नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। बिना इसके नवरात्रि पूजा पूरा नहीं माना जाता है। नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा कर आठवें नवरात्रि या फिर नौवें नवरात्रि के दिन कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोग लगाया जाता है। धर्म ग्रन्थों के अनुसार 3 वर्ष से लेकर 9 वर्ष तक की कन्याओं को माता का स्वरूप माना गया है। नवरात्रि में आप 1 से लेकर 9 कन्याओं तक का पूजन कर सकते हैं। शास्त्रों में एक कन्या की पूजा से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है, दो की पूजा से भोग और मोक्ष, तीन की पूजा से धर्म, अर्थ व काम, चार की पूजा से राज्यपद, पांच की पूजा से विद्या, छः की पूजा से छः प्रकार की सिद्धि, सात की पूजा से राज्य, आठ की पूजा से संपदा और नौ की पूजा से पृथ्वी के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है। कन्या पूजन अष्टमी या नवमी किसी भी दिन किया जा सकता है। दो साल की कन्या कुमारी, तीन साल की त्रिमूर्ति, चार साल की कल्याणी, पांच साल की रोहिणी, छः साल की कालिका, सात साल की चंडिका, आठ साल की शाम्भवी, नौ साल की दुर्गा और दस साल की कन्या सुभद्रा मानी जाती हैं।


आचार्य रविदत्त शास्त्री।

ईश्वर नैन के निधन से खाप को अपूरणीय क्षति



नरवाना। नरवाना हलके के प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्व, सर्व जातीय बिनैण खाप के पंचायती पुरोधा और कृषक समाज के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर नैन का शनिवार सुबह ब्रेन स्ट्रोक के कारण आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके जाने से खाप, कृषक समाज और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुंची है। सर्व जातीय बिनैण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुबीर नैन ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए बड़ी क्षति बताया। रघुबीर नैन ने कहा कि ईश्वर नैन एक कर्मठ, अनुभवी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्तित्व थे। उन्होंने सामाजिक एकता, भाईचारे और पंचायती परंपराओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

नागरिक अस्पताल में प्रचार-प्रसार के लिए जगह-जगह लगवाए पोस्टर

आभा आईडी एक फायदे अनेक, इलाज होगा सुविधाजनक

- मरीज का रिकार्ड होगा डिजिटल, देशभर में कहीं भी उठा सकेंगे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में कैशलेस के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने आभा आईडी से उपचार में रफ्तार की कवायद को तेज करना शुरू कर दिया है। प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी हो, इसके लिए अस्पताल परिसर में जगह-जगह पोस्टर लगवाए गए हैं।

आभा आईडी 14 अंकों की एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी है, जो मरीजों के सभी मेडिकल रिकॉर्ड्स लैब रिपोर्ट, पर्चे, को डिजिटल रूप से स्टोर और शेयर करती है। यह आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में लाइन कम करना और इलाज को सुलभ व कागज रहित बनाना है।

आमजन को सही समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इसके लिए अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले लोगों की आभा आईडी बनाई जा रही हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 1500 तक की ओपीडी होती है। ओपीडी स्लिप रिपोर्ट, एमआरआई, अस्पताल में भर्ती और डिस्चार्ज से जुड़ी सभी जानकारियां एक ही जगह उपलब्ध होंगी। आभा हेल्थ आईडी के साथ एक क्यूआर कोड भी मिलता है। किसी भी अस्पताल या डॉक्टर के पास इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर मरीज का मेडिकल रिकॉर्ड तुरंत देखा जा सकता है।



जींद। अस्पताल की नई बिल्डिंग में आभा आईडी बनवाने के लिए लगवाया गया पोस्टर।

आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस से बनवा सकते हैं आईडी

आभा आईडी आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस के जरिये बनाई जा सकती है। इसे किसी भी अटल सेवा केंद्र, नजदीकी सरकारी अस्पताल या आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल से आसानी से बनवाया जा सकता है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी रोगी अस्पताल में आएं पहले उसकी आभा पहचान बनाई जाए। आभा आईडी परिवार की नहीं बल्कि हर व्यक्ति की व्यक्तिगत पहचान होगी।

पीएमओ ने लोगों से की आईडी बनवाने की अपील

नागरिक अस्तपताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि आभा आइडी में इलाज का रिकॉर्ड एक जगह सुरक्षित रहेगा। आभा आईडी के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए अस्पताल परिसर में जगह-जगह पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। आभा आईडी से डॉक्टर तुरंत मरीज की बीमारी और इलाज का इतिहास देख सकेंगे। उन्होंने अपील की है कि अपने और परिवार के सभी सदस्यों की आभा आईडी जल्द से जल्द बनवा लें ताकि भविष्य में इलाज में कोई परेशानी न आए।